# Daily Current Affairs

Date : 16 July, 2025

UTKARSH CLASSES — CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | आउटलुक इंडियन रेस्पॉन्सिबल टूरिज़्म स्टेट अवॉर्ड्स – राजस्थान 2025 |
| 2. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. 'मिशन निर्माण' – बीकानेर<br>2. 38वां वृक्ष बन्धु पुरस्कार<br>3. 'नरेगा आखर' अभियान – जयपुर<br>4. टाउनशिप पॉलिसी-2024 का अनुमोदन<br>5. राजस्थान सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (CGD) नीति, 2025<br>6. RUHS अधिनियम 2005 में संशोधन के लिए अध्यादेश |
| 3. | भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का 97वां स्थापना दिवस |
| 4. | कौशल प्रशिक्षण एवं महिला उद्यमिता विकास परियोजना |
| 5. | पीएम विकास प्रशिक्षण केंद्र |
| 6. | अदिति योजना |
| 7. | सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट 2023-24 : NHAI |
| 8. | स्किल इंडिया मिशन के 10 वर्ष |
| 9. | स्टैटैथॉन - विकसित भारत की ओर एक डेटा यात्रा |
| 10. | मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना |
| 11. | शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के विदेश मंत्रियों की बैठक |
| 12. | 57वाँ अंतरराष्ट्रीय रसायन विज्ञान ओलंपियाड (ICHO) |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 13. | तालिस्मन सेबर अभ्यास 2025 |
| 14. | सिएरा लियोन का पहला यूनेस्को स्थल: गोला-तिवाई कॉम्प्लेक्स |
| 15. | सुकन्या सोनोवाल - राष्ट्रमंडल युवा शांति राजदूत |
| 16. | पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड 2024-25 |
| 17. | वर्ल्ड पुलिस एवं फायर गेम्स (WPFG) |
| 18. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. कलिंग रत्न पुरस्कार 2024 |

UTKARSH CIVIL SERVICES



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान परिदृश्य

## आउटलुक इंडियन रेस्पॉन्सिबल टूरिज़्म स्टेट अवॉर्ड्स – राजस्थान 2025

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **11 जुलाई, 2025 को राजस्थान पर्यटन विभाग के सहयोग से 'आउटलुक इंडियन रेस्पॉन्सिबल टूरिज़्म स्टेट अवॉर्ड्स – राजस्थान 2025' का तीसरा संस्करण आयोजित किया गया।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **आयोजन :** जयपुर।
- राजस्थान की उप मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दीया कुमारी ने राजस्थान के पर्यटन क्षेत्र में उत्कृष्टता को मान्यता देने के लिए राज्य पर्यटन पुरस्कारों को शुरू करने की घोषणा की।
- टूरिज़्म इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड कैपेसिटी बिल्डिंग फंड : राजस्थान में विश्व-स्तरीय, इको-सेंसिटिव टूरिज्म इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2025 के लिए ₹5000 करोड़ का टूरिज़्म इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड कैपेसिटी बिल्डिंग फंड (RTICF) बनाया गया है।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स (राजस्थान में पर्यटन उद्योग)**

- वर्ष 1956 में जयपुर में पर्यटन विभाग की स्थापना की गई।
- राजस्थान सरकार द्वारा 4 मार्च, 1989 को युनुस खान समिति की सिफारिश पर पर्यटन को उद्योग का दर्जा प्रदान किया गया।
- **राजस्थान पर्यटन का लोगो –** पधारो म्हारे देस।
- राजस्थान सरकार द्वारा घरेलू पर्यटक यात्राओं की हिस्सेदारी 8 प्रतिशत और विदेशी पर्यटकों की यात्राओं की हिस्सेदारी को भारत की कुल यात्रा का 7.5 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है।
- **राजस्थान टूरिज्म डवलपमेंट कॉर्पोरेशन (RTDC) :** स्थापना – 1 अप्रैल, 1979
- **राजस्थान इंस्टिट्यूट ऑफ टूरिज्म एण्ड ट्रैवल मैनेजमेंट (RITTMAN) :** स्थापना – 29 अक्टूबर, 1996


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान पर्यटन इकाई नीति (RTUP) – 2024

- **लॉन्च : 4 दिसम्बर, 2024**
- **विभाग - पर्यटन विभाग।**
- **उद्देश्य: राजस्थान पर्यटन से जुड़े निवेशकों एवं उद्यमियों को देय लाभों में वृद्धि करने तथा निजी क्षेत्र में नई पर्यटन इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहित कर इसके माध्यम से रोजगार एवं उद्यमिता के अवसर उपलब्ध करना।**
- **यह नीति हेरिटेज होटलों और संपत्तियों के लिए छूट प्रदान करने, निजी क्षेत्रों में उपलब्ध विरासत संपत्तियों का लाभ उठाने पर जोर देती है। इसके अतिरिक्त, पर्यटन नीति में होटल, रेस्तरां और अन्य पर्यटन-संबंधित प्रतिष्ठानों को संचालित करने के लिए लाइसेंस प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया गया है।**

चित्र: 6.4 : राजस्थान में 9 यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **'मिशन निर्माण' – बीकानेर**<br>♦ हाल ही में, नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की कार्यशाला में बीकानेर जिला कलक्टर नम्रता वृष्णि द्वारा संचालित 'मिशन निर्माण' को सराहा गया। यह नवाचार आँगनबाड़ी केन्द्रों में प्री स्कूलिंग एजुकेशन को सशक्त बनाने हेतु शुरू किया गया है।<br>♦ **कार्यशाला का विषय:** अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन: लेइंग द फाउंडेशन। |
| 2. | **38वाँ वृक्ष बन्धु पुरस्कार**<br>♦ विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जोधपुर में 38वें वृक्ष बंधु पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया।<br>♦ सीमा सुरक्षा बल (BSF) के IG एमएल गर्ग को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील कार्यों के लिए 'वृक्ष बंधु पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।<br>♦ राजस्थान पत्रिका को जल संरक्षण, हरियाळो राजस्थान और वन भूमि संरक्षण के क्षेत्र में योगदान के लिए 'जलपुत्र सम्मान' से सम्मानित किया गया।<br>♦ प्रोफेसर ज्ञान सिंह शेखावत को 'रुख भाईया अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| **3.** | **‘नरेगा आखर’ अभियान – जयपुर**<br>♦ जयपुर जिला प्रशासन, ग्रामीण विकास विभाग, साक्षरता एवं सतत् शिक्षा विभाग और प्रारंभिक शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से जयपुर में ‘नरेगा आखर’ अभियान की शुरुआत की गई है।<br>♦ **पहल का उद्देश्य:** महात्मा गाँधी नरेगा योजना के तहत् कार्यरत निरक्षर श्रमिकों को साक्षर बनाना। |
| **4.** | **टाउनशिप पॉलिसी-2024 का अनुमोदन**<br>♦ हाल ही में राजस्थान मंत्रिमंडल द्वारा टाउनशिप पॉलिसी-2024 का अनुमोदन किया गया।<br>♦ **नीति का उद्देश्य:** नगरीय क्षेत्रों में नियोजित विकास को बढ़ावा देना।<br>♦ **सामाजिक व पर्यावरणीय प्रावधान:** 7 प्रतिशत क्षेत्रफल पार्क व खेल मैदान के लिए आरक्षित तथा 8 प्रतिशत क्षेत्रफल सुविधा क्षेत्रों (जैसे– स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र) हेतु आरक्षित। |
| **5.** | **राजस्थान सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (CGD) नीति, 2025**<br>♦ गैस आधारित अर्थव्यवस्था को बढावा देने के लिए हाल ही में राजस्थान मंत्रिमंडल द्वारा राजस्थान सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (CGD) नीति, 2025 का अनुमोदन किया गया।<br>♦ इस नीति के क्रियान्वयन से राज्य में कार्बन उत्सर्जन घटाने में मदद मिलेगी और स्वच्छ, सुरक्षित व पर्यावरण अनुकूल प्राकृतिक गैस की पहुँच आमजन तक सुलभ हो सकेगी।<br>♦ इस नीति से सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (CGD) के इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश को बढ़ावा मिलेगा। यह नीति 31 मार्च, 2029 तक अथवा अन्य नीति के लागू होने तक प्रभावी रहेगी। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 6. RUHS अधिनियम 2005 में संशोधन के लिए अध्यादेश

- **राजस्थान सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के बजट में राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय को AIIMS दिल्ली की तर्ज पर उन्नयन कर राजस्थान इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (RIMS) की स्थापना किए जाने की घोषणा की गई थी।**
- **इस क्रम में राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय अधिनियम-2005 में आवश्यक संशोधन के लिए राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश-2025 लाया जाएगा।**
- **इस निर्णय के फलस्वरूप जयपुर में राजस्थान आयुर्विज्ञान संस्थान (RIMS) को AIIMS नई दिल्ली की तर्ज पर स्वायत्तशासी संस्थान के रूप में विकसित किया जा सकेगा।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राष्ट्रीय परिदृश्य

## भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का 97वाँ स्थापना दिवस

### ➲ चर्चा में क्यों?

- **16 जुलाई, 2025 को नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) के 97वें स्थापना दिवस के अवसर पर विकसित कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।**




### ➲ मुख्य बिंदु :

- **पूसा कैंपस स्थित संस्थान में पुरस्कार समारोह और विकसित कृषि प्रदर्शनी आयोजित की गई।**
- **ICAR स्थापना दिवस भारत के कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा के प्रमुख संस्थान की स्थापना का प्रतीक हैं।**
- **दशकों से, ICAR ने फसल सुधार, पशुधन एवं मत्स्य विकास, कृषि-जैव प्रौद्योगिकी, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और डिजिटल कृषि के क्षेत्र में नवाचारों का नेतृत्व किया है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### 2024-25 में प्रमुख उपलब्धियाँ :

- वित्त वर्ष 2024-25 में 149.1 मिलियन टन (अनुमानित) के साथ भारत दुनिया का सबसे बड़ा चावल उत्पादक देश रहा और वैश्विक चावल व्यापार में 40 प्रतिशत का योगदान करते हुए सबसे बड़ा निर्यातक भी रहा।
- भारत 239.30 मिलियन टन (अनुमानित) दूध उत्पादन के साथ पहले स्थान पर रहा।
- 117.3 मिलियन टन के साथ गेहूँ का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक रहा।
- बागवानी में, भारत के रिकॉर्ड 367.72 मिलियन टन उत्पादन हासिल करने का अनुमान है।
- वित्त वर्ष 2024-25 में वैश्विक मछली उत्पादन में भारत 18.42 मिलियन टन के साथ दूसरे स्थान रहा।

### प्रमुख पहलें :

- 11 अगस्त, 2024 को प्रधानमंत्री ने फसलों की 109 उच्च उपज, जलवायु अनुकूल और जैव-फोर्टिफाइड किस्में जारी कीं।
- ICAR ने कृषि नवाचार और पहुँच को बढ़ावा देने हेतु 'एक वैज्ञानिक एक उत्पाद', '100 दिन 100 किस्में', '100 दिन 100 तकनीकें' और 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की शुरुआत की।

### फसल विज्ञान

- ICAR ने पिछले वर्ष 679 क्षेत्रीय फसल किस्में विकसित और जारी कीं, जिसमें पोषण सुरक्षा में सुधार के उद्देश्य से 27 जैव-सशक्त किस्में भी शामिल हैं।
- बासमती चावल का निर्यात ₹50,000 करोड़ तक पहुँच गया, जिसमें से 90 प्रतिशत का श्रेय केवल ICAR द्वारा विकसित चार किस्मों को जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR


- गेहूँ का रिकॉर्ड उत्पादन 115.3 मिलियन टन तक पहुँच गया, जिसमें 85 प्रतिशत क्षेत्र पाँच जलवायु-प्रतिरोधी ICAR किस्मों के अंतर्गत है। तिलहन तथा दलहनों में किस्म प्रतिस्थापन दर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है: चना (84 प्रतिशत), मसूर (99 प्रतिशत), मटर (89 प्रतिशत), सोयाबीन (56 प्रतिशत), और सरसों (77 प्रतिशत)। चल रही दलहन क्रांति ने उत्पादन को 2015-16 के 16.3 मिलियन टन से बढ़ाकर 2023-24 में 24.49 मिलियन टन कर दिया है।
- ICAR ने विश्व की पहली दो जीनोम-संपादित चावल किस्में भी पेश कीं, जो परिशुद्ध प्रजनन में एक बड़ी सफलता है।

**बागवानी विज्ञान**

- लगभग 15 पेटेंट प्रदान किए गए तथा रोग-मुक्त रोपण सामग्री सुनिश्चित करने के लिए नौ स्वच्छ पौध केन्द्र स्थापित किया गया।
- **मत्स्य विज्ञान :** स्केलेबल जलीय कृषि को बढ़ावा देने के लिए पाँच विशिष्ट मत्स्य आहार विकसित किया गया।
- **कृषि शिक्षा :** ICAR ने छठी डीन समिति की रिपोर्ट को लागू किया, "प्रमाणपत्र और डिप्लोमा प्रदान करने के लिए शैक्षणिक दिशा निर्देश" प्रस्तुत किए, और पीएम-वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन (पीएम-ONOS) योजना भी शुरू की गई।
- **बौद्धिक संपदा अधिकार :** ICAR ने कृषि नवाचारों के संरक्षण और व्यवसायीकरण में 125 पेटेंट प्रदान किए।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# कौशल प्रशिक्षण एवं महिला उद्यमिता विकास परियोजना



## ➲ चर्चा में क्यों?

- **17 जुलाई, 2025 को केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य और मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री द्वारा भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (IIIT), कोट्टायम में प्रधानमंत्री विरासत का संवर्धन (पीएम विकास) योजना के अंतर्गत एक कौशल प्रशिक्षण और महिला उद्यमिता विकास परियोजना का शुभारंभ किया।**

## ➲ मुख्य बिंदु :

- **यह परियोजना पीएम विकास योजना के उद्देश्यों के अनुरूप, उन्हें भविष्य के लिए तैयार कौशल और उद्यमशीलता क्षमताएँ प्रदान करने के लिए तैयार की गई है।**

**इस पहल के अंतर्गत:**

- **150 युवाओं को इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IOT) में प्रशिक्षित किया जाएगा जो रोज़गार की अत्यधिक संभावनाओं वाला एक उभरता क्षेत्र है।**
- **300 महिलाओं को एक नेतृत्व और उद्यमिता विकास कार्यक्रम में भाग लेना होगा, जिसका उद्देश्य उन्हें अपना उद्यम शुरू करने में सक्षम बनाना है।**
- **सभी अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण के दौरान छात्रवृत्ति मिलेगी और उद्योग संपर्कों के माध्यम से उन्हें रोजगार या स्व-रोजगार के अवसरों से भी जोड़ा जाएगा।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पीएम विकास प्रशिक्षण केंद्र

## चर्चा में क्यों?

- 16 जुलाई, 2025 को केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य एवं संसदीय कार्य मंत्री ने नई दिल्ली में तिलक नगर प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया।



## मुख्य बिंदु :

- यह केंद्र दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (DSGMC) द्वारा स्थापित किया गया है।
- इसे अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा पीएम विकास योजना के अंतर्गत एक कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में नामित किया गया है।
- यह परियोजना 31,600 अभ्यर्थियों को सम्मिलित करेगी।
- तकनीकी कलाकार (AR-VR), सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और जनरल ड्यूटी असिस्टेंट जैसी अधिक माँग वाली नौकरियों में उद्योग-आधारित कौशल प्रशिक्षण प्रदान करेगा।
- यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क है और मंत्रालय प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थियों को मासिक छात्रवृत्ति भी प्रदान करेगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अदिति योजना

## ➲ चर्चा में क्यों?

- 15 जुलाई, 2025 को पानीपत (हरियाणा) में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय विद्युत और आवास एवं शहरी कार्य मंत्री ने भारत में औद्योगिक ऊर्जा दक्षता में वृद्धि हेतु राष्ट्रीय स्तर पर अदिति (ADEETII) योजना का आधिकारिक शुभारंभ किया।




## ➲ मुख्य बिंदु :

- **बजटीय परिव्यय :** ₹1000 करोड़।
- **मंत्रालय :** विद्युत मंत्रालय।
- **लागू :** ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) द्वारा।
- **अवधि :** वित्त वर्ष 2025-26 से 2027-28 तक।
- अदिति की शुरुआत भारत के ऊर्जा दक्षता मिशन के तहत् की गई हैं, जो MSMEs को स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को अपनाने, उत्पादकता बढ़ाने और हरित औद्योगिक इकोसिस्टम में योगदान करने के लिए सशक्त बनाएगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- यह योजना ऋणों पर अनुदान, निवेश श्रेणी ऊर्जा लेखा परीक्षा (IGEA), विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR), और कार्यान्वयन-पश्चात निगरानी एवं सत्यापन (M & V) के माध्यम से संपूर्ण सहायता प्रदान करने के लिए बनाई गई है।
- **ब्याज अनुदान सहायता :** इस योजना में सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए ऋणों पर 5 प्रतिशत और मध्यम उद्यमों के लिए 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान प्रदान करने की परिकल्पना की गई है।
- **प्रारंभिक चरण :** प्रारंभिक चरण में 14 ऊर्जा-प्रधान क्षेत्रों और 60 चिह्नित समूहों में इस योजना को व्यापक रूप से अपनाने हेतु चुना गया हैं।

**योजना की विशेषताएँ :**

- **शुरू से अंत तक तकनीकी सहायता :** अदिति पूर्ण सहायता प्रदान करता है - जिसमें निवेश-ग्रेड ऊर्जा ऑडिट, DPR तैयारी, प्रौद्योगिकी पहचान और कार्यान्वयन की निगरानी और सत्यापन शामिल है।
- **लक्षित क्षेत्र :** इस योजना में 14 ऊर्जा-गहन क्षेत्र शामिल हैं: पीतल, ईंटें, सिरेमिक, रसायन, मत्स्य पालन, खाद्य प्रसंस्करण, फोर्जिंग, फाउंड्री, काँच, चमड़ा, कागज, फार्मा, स्टील री-रोलिंग और वस्त्र।
- **कार्यान्वयन दृष्टिकोण :** अदिति चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा, पहले चरण में 60 औद्योगिक क्लस्टरों के साथ शुरुआत होगी, इसके बाद दूसरे चरण में 100 अतिरिक्त क्लस्टर शामिल किए जाएंगे।
- **कार्यान्वयन अवधि :** यह योजना तीन वर्षों में कार्यान्वित की जाएगी, जो वित्त वर्ष 2025-26 से 2027-28 तक चलेगी, जिससे प्रारंभिक परिणामों के आधार पर प्रगतिशील परिनियोजन, पाठ्यक्रम सुधार और स्केलिंग की अनुमति मिलेगी।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- **ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) :** सरकार ने ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 के प्रावधानों के अंतर्गत 1 मार्च, 2002 को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) की स्थापना की गई।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट 2023-24 : NHAI

## चर्चा में क्यों?

- **15 जुलाई, 2025 को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) द्वारा पर्यावरण स्थायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अपनी दूसरी 'सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट' जारी की।**



## मुख्य बिंदु :

- **यह भारत की वैश्विक प्रतिबद्धताओं, 'मिशन लाइफ' (Life Style for Environment) पहल और सर्कुलर इकोनॉमी में समाहित एक स्थायी भविष्य के विजन के साथ NHAI के संयोजन को भी रेखांकित करती है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में 20 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद, NHAI ने अपने ग्रीनहाउस गैस (GHG) उत्सर्जन की तीव्रता को 1.0 MTCO2e/km से घटाकर 0.8 MTCO2e/km कर दिया है।
- हरित राजमार्ग (वृक्षारोपण, प्रत्यारोपण, सौंदर्यीकरण और रखरखाव), नीति 2015 के तहत् वित्त वर्ष 2024-25 में 67.47 लाख पौधे लगाए।
- वित्त वर्ष 2023-24 में, NHAI ने राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में फ्लाई-ऐश, प्लास्टिक अपशिष्ट और पुनः प्राप्त डामर सहित पुनर्चक्रित और पुन: उपयोग की गई सामग्री का उपयोग किया।
- अमृत सरोवर मिशन के तहत्, NHAI ने देश भर में 467 जल निकायों का विकास पूरा किया है।
- मानव-पशु संघर्ष को कम करने के लिए NHAI ने 'वन्यजीवों पर रैखिक (राजमार्ग, रेल लाइन, नहर आदि) अवसंरचना के प्रभाव को कम करने हेतु पर्यावरण-अनुकूल उपायों पर सर्वोत्तम कार्य प्रणाली मार्गदर्शन दस्तावेज' को समेकित किया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# स्किल इंडिया मिशन के 10 वर्ष

## चर्चा में क्यों?

- कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने विश्व युवा कौशल दिवस (15 जुलाई) के अवसर पर स्किल इंडिया मिशन के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सप्ताह भर चलने वाले समारोह का शुभारंभ किया।

## मुख्य बिंदु :

- इस उत्सव का समापन 22 जुलाई, 2025 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'भारत स्किलनेक्स्ट 2025' कार्यक्रम के साथ होगा, जिसमें स्कूली बच्चों के लिए AI कौशल पर एक समर्पित कार्यक्रम सहित प्रमुख कौशल पहलों का शुभारंभ किया जाएगा।

### स्किल इंडिया मिशन :

- इसे वर्ष 2015 में केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) के तहत् शुरू किया गया था।
- यह केंद्रीय क्षेत्रक की एक योजना है।
- **उद्देश्य :** कौशल विकास को मजबूत संस्थागत फ्रेमवर्क प्रदान करना तथा प्रतिवर्ष 1 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण देना।
- मिशन निदेशालय को तीन अन्य संस्थाओं राष्ट्रीय कौशल विकास एजेंसी (NSDA), राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) और प्रशिक्षण महानिदेशालय (DGT) द्वारा सहायता प्रदान की जा रही हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**कौशल प्रशिक्षण :**

- **अल्पकालिक प्रशिक्षण:** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY) और जन शिक्षण संस्थान (JSS) योजना के माध्यम से अल्पावधि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
- **दीर्घकालिक प्रशिक्षण:** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (ITIs) के माध्यम से संचालित शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (CTS) के तहत् लंबी अवधि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**यह एक प्रकार की अम्ब्रेला योजना है जिसके अंतर्गत अनेक लघु कौशल योजनाएं संचालित हैं:**

- प्रधानमंत्री कौशल केंद्र (PMKK)
- प्रधानमंत्री युवा योजना (PM YUVA)
- प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना
- **आजीविका संवर्धन हेतु कौशल अर्जन और ज्ञान जागरूकता (SANKALP) :** जनवरी, 2018 में शुरू किया गया संकल्प, विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित कार्यक्रम है जिसका प्रबंधन कौशल विकास मंत्रालय के अंतर्गत किया जाता है।
- **प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 3.0 :** माँग-आधारित, अल्पकालिक विकास प्रशिक्षण हेतु 15 जनवरी, 2021 को शुरू की गई।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# स्टैटैथॉन - विकसित भारत की ओर एक डेटा यात्रा



## चर्चा में क्यों?

- 15 जुलाई, 2025 को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) ने शिक्षा मंत्रालय (MOE) के नवाचार प्रकोष्ठ के सहयोग से "स्टैटैथॉन - विकसित भारत की ओर एक डेटा यात्रा" नामक एक ग्रैंड चैलेंज का शुभारंभ किया।

## मुख्य बिंदु :

- ग्रैंड चैलेंज एक राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता है जिसे भारत में आधिकारिक सांख्यिकी के परिदृश्य को बदलने के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों और नवीन समाधानों का उपयोग करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- **लक्ष्य :** सांख्यिकीय डेटा प्रणालियों की दक्षता, गुणवत्ता और पहुँच को बढ़ाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और अन्य अग्रणी प्रौद्योगिकियों की क्षमता का पता लगाना।
- सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की डेटा इनोवेशन लैब (DI लैब) पहल के तत्वावधान में आयोजित स्टैटैथॉन राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (NSS) के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना

### ➲ चर्चा में क्यों?

- **हाल ही में, मध्य प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना को मंज़ूरी दी।**




### ➲ मुख्य बिंदु :

- **मध्य प्रदेश सरकार की "मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना" का उद्देश्य पारंपरिक मूल्यों और आधुनिक तकनीकों के समावेश से गाँवों को आत्मनिर्भर और पर्यावरणीय रूप से स्थायी बनाना है।**
- **प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से चुने गए गाँवों में गौपालन, जैविक खेती, सौर ऊर्जा, जल संरक्षण और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा दिया जाएगा।**
- **योजना के तहत् बुनियादी ढाँचा, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और आध्यात्मिक विकास हेतु आधुनिक सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के विदेश मंत्रियों की बैठक



### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, चीन के शहर तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के विदेश मंत्रियों की बैठक आयोजित की गई।

### मुख्य बिंदु :

- डॉ. जयशंकर ने SCO बैठक में आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद पर सख्त रुख अपनाने का आह्वान करते हुए पहलगाम हमले को पर्यटन अर्थव्यवस्था और धार्मिक सौहार्द को कमजोर करने की साजिश बताया।

**शंघाई सहयोग संगठन (SCO):**

- शंघाई सहयोग संगठन (SCO) एक अंतर-सरकारी संगठन है।
- **स्थापना:** वर्ष 2001 में शंघाई में हुई थी।
- शुरुआत में इसे वर्ष 1996 में बने "शंघाई फाइव" (चीन, रूस, कज़ाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान) के नाम से जाना जाता था। उज़्बेकिस्तान वर्ष 2001 में शामिल हुआ।
- **उद्देश्य:** राजनीतिक, आर्थिक, सैन्य, तकनीकी और सांस्कृतिक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना और क्षेत्रीय शांति व स्थिरता बनाए रखना है।
- इसका चार्टर वर्ष 2002 में हस्ताक्षरित हुआ और वर्ष 2003 में लागू हुआ।
- भारत और पाकिस्तान वर्ष 2017 में, वर्ष 2023 में ईरान और वर्ष 2024 में बेलारूस इसके सदस्य बने।
- **मुख्यालय:** बीजिंग, चीन।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 57वाँ अंतरराष्ट्रीय रसायन विज्ञान ओलंपियाड (ICHO)

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, दुबई में आयोगित 57वें अंतरराष्ट्रीय रसायन विज्ञान ओलंपियाड में भारतीय छात्रों ने चार पदक जीते।



## मुख्य बिंदु :

- प्रतियोगिता में भारतीय छात्रों ने दो स्वर्ण और दो रजत पदक जीते।
- देवेश पंकज भैया (महाराष्ट्र) और संदीप कुची (तेलंगाना) ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।
- देबदत्त प्रियदर्शी (ओडिशा) और उज्ज्वल केसरी (दिल्ली) ने रजत पदक हासिल किए।
- 90 देशों के 354 छात्रों की भागीदारी वाली इस प्रतियोगिता में भारत छठे स्थान पर रहा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## तालिस्मन सेबर अभ्यास 2025

### ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, भारत ने पहली बार ऑस्ट्रेलिया के नेतृत्व वाले सैन्य अभ्यास 'तालिस्मन सेबर अभ्यास 2025' के 11वें संस्करण में भाग लिया।




### ➲ मुख्य बिंदु :

**तालिस्मन सेबर अभ्यास 2025:**

- **शुरू:** वर्ष 2005 में ऑस्ट्रेलिया-अमेरिका द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास के रूप में शुरू हुआ, अब यह प्रमुख बहुराष्ट्रीय युद्ध अभ्यास में परिवर्तित हो गया हैं।
- **वर्ष 2025 संस्करण:** अब तक का सबसे बड़ा संस्करण हैं; जिसमे 35,000 से अधिक सैन्यकर्मी, भारत, जापान, फ्रांस, ब्रिटेन सहित 30 से अधिक देशों से शामिल होंगे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **स्थान:** ऑस्ट्रेलिया के विभिन्न क्षेत्रों (क्वींसलैंड, उत्तरी क्षेत्र) और पहली बार पापुआ न्यू गिनी में भी विस्तार।
- **उद्देश्य:** हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्वतंत्रता, समावेशिता, सैन्य तत्परता, अंतर-संचालन, संयुक्त परिचालन क्षमता और क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देना।
- **प्रमुख गतिविधियाँ:** लाइव-फायर ड्रिल, फील्ड प्रशिक्षण, जल-थल लैंडिंग, जमीनी और हवाई युद्ध अभ्यास, समुद्री संचालन इत्यादि।
- **भारत के प्रमुख सैन्य अभ्यास:**
  - **भारत-ऑस्ट्रेलिया:** ऑसइंडेक्स (नौसेना), पिच ब्लैक (वायु), ऑस्ट्राहिंद (थल)।
  - **भारत-अमेरिका:** टाइगर ट्रायम्फ, कोप इंडिया, वज्र प्रहार।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## पर्यावरण और पारिस्थितिकी

### सिएरा लियोन का पहला यूनेस्को स्थल: गोला-तिवाई कॉम्प्लेक्स

**चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, सिएरा लियोन के गोला-तिवाई कॉम्प्लेक्स, जिसमें गोला रेनफॉरेस्ट नेशनल पार्क (GRNP) और तिवाई द्वीप वन्यजीव अभयारण्य शामिल हैं, को यूनेस्को की पहली विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है।**




**मुख्य बिंदु :**

- **यह सम्मान एनवायर्नमेंटल फाउंडेशन फॉर अफ्रीका (EFA) नामक गैर-सरकारी संगठन (NGO) द्वारा वर्षों से चलाए जा रहे संरक्षण प्रयासों का परिणाम है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- तिवाई द्वीप, मोआ नदी पर स्थित 12 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला, 11 प्राइमेट प्रजातियों सहित संकटग्रस्त वन्यजीवों का आश्रय स्थल है और अब यह पश्चिम अफ्रीका में जैव विविधता अनुसंधान व समुदाय-आधारित संरक्षण का प्रमुख केंद्र बन गया है।

- गोला रेनफॉरेस्ट नेशनल पार्क (GRNP) सिएरा लियोन का सबसे बड़ा उष्णकटिबंधीय वर्षावन है, जो जैव विविधता से समृद्ध है। इसमें पिग्मी हिप्पोपोटेमस और अफ्रीकन फॉरेस्ट एलिफेंट जैसी प्रजातियाँ पाई जाती हैं।

- एनवायर्नमेंटल फाउंडेशन फॉर अफ्रीका (EFA) की स्थापना वर्ष 1992 में हुई थी और इसने तिवाई में संरक्षण प्रयासों की शुरुआत 2000 के दशक की शुरुआत में की, विशेष रूप से 1991–2002 के सिएरा लियोन के गृहयुद्ध से हुई क्षति के बाद।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## व्यक्तित्व

### सुकन्या सोनोवाल - राष्ट्रमंडल युवा शांति राजदूत

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, असम के लखीमपुर जिले की मूल निवासी सुकन्या सोनोवाल को राष्ट्रमंडल युवा शांति राजदूत के रूप में चुना गया है।**




➲ **मुख्य बिंदु :**

- **उन्हें राष्ट्रमंडल युवा शांति राजदूत नेटवर्क (CYPAN) की कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में चुना गया है।**

- **सुकन्या सोनोवाल को 2025-2027 के दो साल के कार्यकाल के लिए संचार और जनसंपर्क प्रमुख के रूप में चुना गया है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### सुकन्या सोनोवाल:

- **मूल निवासी:** लखीमपुर जिला, असम।
- **शिक्षा:** IIT गुवाहाटी में बायोसाइंसेज और बायोइंजीनियरिंग की छात्रा।
- **उपलब्धियाँ:**
  - o संस्थान के प्रमुख तकनीकी-प्रबंधन उत्सव "टेक्नीक" में सक्रिय भूमिका।
  - o संचार व जनसंपर्क कौशल में दक्षता।
  - o STEMvibe की सह-संस्थापक – एक STEM शिक्षा-सशक्तिकरण पहल।

### राष्ट्रमंडल युवा शांति राजदूत नेटवर्क (CYPAN) के बारे में

- राष्ट्रमंडल युवा शांति राजदूत नेटवर्क (CYPAN) राष्ट्रमंडल के युवा राष्ट्रमंडल का हिस्सा है।
- राष्ट्रमंडल एशिया, अफ्रीका, यूरोप और प्रशांत क्षेत्र के 56 स्वतंत्र देशों का एक संघ है।
- राष्ट्रमंडल सचिवालय द्वारा समर्थित युवा राष्ट्रमंडल,राष्ट्रमंडल देशों में विभिन्न युवा पहलों को बढ़ावा देता है।
- इस पहल में सदस्य देशों के युवा होते हैं, जो युवाओं को प्रभावित करने वाले वैश्विक मुद्दों, जैसे गरीबी, जलवायु परिवर्तन और संघर्षों पर विचारों और परिप्रेक्ष्यों का आदान-प्रदान करने में सक्षम बनाता है।
- CYPAN युवा राष्ट्रमंडल की कई पहलों में से एक है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पुरस्कार

## पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड 2024-25

### ➲ चर्चा में क्यों?




- भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड खिलाडी दीपिका ने FIH हॉकी प्रो लीग में विश्व की शीर्ष टीम नीदरलैंड्स पर फील्ड गोल के लिए वर्ष 2024-25 का पोलिग्रास मैजिक स्किल पुरस्कार जीता है।

### ➲ मुख्य बिंदु :

- पुरुष वर्ग में, बेल्जियम के विक्टर वेगनेज़ ने स्पेन के साथ मैच में उत्कृष्ट मिडफील्ड खेल के गोल करने  पर पुरस्कार हासिल किया।
- यह पुरस्कार हॉकी में व्यक्तिगत कौशल के लिए दिया जाता है, जिसे वैश्विक प्रशंसक वोट द्वारा तय किया जाता है।
- दीपिका के अलावा स्पेन की पेट्रीसिया अल्वारेज़ को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गोल के लिए और ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम को इंग्लैंड के खिलाफ एक के बाद एक पाँच तेज़ पास देते हुए सुव्यवस्थित तरीके से गोल करने के लिए इस पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल परिदृश्य

## वर्ल्ड पुलिस एवं फायर गेम्स (WPFG)

### चर्चा में क्यों?

- 27 जून से 6 जुलाई, 2025 तक बर्मिंघम, अलबामा, संयुक्त राज्य अमेरिका में वर्ल्ड पुलिस एवं फायर गेम्स (WPFG) का आयोजन किया गया।




### मुख्य बिंदु :

- वर्ल्ड पुलिस एवं फायर गेम्स (WPFG) एक ओलंपिक शैली की प्रतियोगिता है।
- इन खेलों में कानून प्रवर्तन, अग्निशमन कर्मी, और सुधार, परिवीक्षा, सीमा सुरक्षा, आव्रजन और सीमा शुल्क विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भाग लेते हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- यह खेल प्रति दो वर्ष में आयोजित किए जाते हैं और आधिकारिक खेल कार्यक्रम में 60 से ज़्यादा खेल शामिल होते हैं।
- **उद्देश्य :** वैश्विक स्तर पर कैलिफ़ोर्निया पुलिस खेलों के समान ही खेलों की विविधता, उच्च स्तरीय स्थल, अधिकारी और एथलेटिक उपलब्धियाँ प्रदान करना।

**पदक तालिका :**

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| संयुक्त राज्य अमेरिका | 572 | 438 | 352 | 1362 |
| ब्राज़ील | 269 | 247 | 232 | 748 |
| भारत | 283 | 180 | 130 | 593 |
| कनाडा | 147 | 125 | 74 | 346 |
| स्पेन | 85 | 59 | 48 | 192 |

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- पहला वर्ल्ड पुलिस एवं फायर गेम्स (WPFG) 1985 में सैन जोस, कैलिफ़ोर्निया में आयोजित किया गया था।
- **वर्ल्ड पुलिस एवं फायर गेम्स (WPFG) 2027 :** 12 से 21 मार्च, 2027 तक ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में आयोजित किए जायेंगे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **कलिंग रत्न पुरस्कार 2024**<br><br>♦ **15 जुलाई, 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ओडिशा के कटक में आयोजित आदिकवि सरला दास की जयंती समारोह के दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को कलिंग रत्न पुरस्कार-2024 प्रदान किया।**<br>♦ **इसके साथ ही बिजय नाइक को साहित्यिक पुरस्कार 'सरला सम्मान' प्रदान किया गया।** |



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR